Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

Teachingninja.in

# CGPSC

## Previous Year Paper

### Mains 2017 Paper 1

### (Language)

Teachingninja.in

# EXAM – MGC – 17

प्रश्न पत्र/Question Paper

**विषय–भाषा (विषय कोड – 01)**

**SUBJECT – LANGUAGE (SUBJECT CODE – 01)**

**Q.P No. : 11057**

| अधिकतम अंक – 200<br>Maximum Marks – 200 | प्रश्न पत्र में पृष्ठों की संख्या : 8<br>Number of Pages in Question Paper : 8 | प्रश्न पत्र में प्रश्नों की संख्या : 32<br>Number of Questions in Question Paper : 32 | समय – 03 : 00 घंटे<br>Time – 03 : 00 Hours |
|---|---|---|---|

## अभ्यर्थियों हेतु निर्देश

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. निर्देशों को भली भांति पढ़ने व समझने के साथ–साथ प्रश्न पत्र तथा प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका (QAB) में आवश्यक प्रविष्टि करने हेतु 10 मिनटों का अतिरिक्त समय दिया जाएगा ।
3. प्रश्न–पत्र तथा QAB में किसी भी प्रकार की प्रविष्टि करने के पूर्व अभ्यर्थियों को कुल पृष्ठ संख्या की जाँच अवश्य कर लेनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर वीक्षक को सूचित कर प्रश्न–पत्र/QAB की दूसरी प्रति प्राप्त करना चाहिए ।
4. प्रश्न–पत्र तथा QAB में समस्त प्रविष्टियाँ **काले/नीले बॉल पॉइण्ट** पेन से करें ।
5. प्रश्नों के हिन्दी अथवा अंग्रेजी प्रारूप, दोनों में से किसी भी भाषा में वर्तनी संबंधी अथवा अन्य त्रुटि होने पर ऐसी त्रुटियों की समझ व निराकरण की अपेक्षा स्नातक स्तर के अभ्यर्थियों से करते हुए ऐसे प्रश्नों को आपत्ति योग्य नहीं माना जाएगा । उक्त के संदर्भ में अभ्यावेदनों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा ।
6. अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के कैल्क्युलेटर, लॉग टेबल, मोबाईल फोन, पेजर अथवा अन्य किसी भी प्रकार के संचार व गणन यंत्र का प्रयोग पूर्णतः वर्जित तथा दंडनीय है ।
7. रफ कार्य प्रश्न सह उत्तर पुस्तिका के केवल अंतिम पृष्ठ पर ही किया जा सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. All questions are compulsory.
2. Extra time of 10 minutes will be given for careful reading and understanding instructions as well as for making required entries in Question Paper and Question Cum Answer Booklet (QAB).
3. Before making any entry on Question Paper and QAB candidate should count and check the no. of pages and if any discrepancy is seen then invigilator should be informed immediately for another copy of Question Paper/QAB.
4. Each entry on Question Paper and QAB should done with **Black/Blue Ball Point Pen.**
5. In Hindi/English format of questions some minor spelling/other mistake in either one of languages will not be considered objectionable as it is expected that candidates being graduate can percept and understand that. No applications regarding the same will be entertained by the Commission.
6. Use of Calculators, Log Tables, Mobile Phones, Pagers and any other type of communication or calculating devices are strictly prohibited and punishable.
7. Rough Work can be done only on last page of Question Answer Booklet.

Teachingninja.in

# भाग – 1
## सामान्य हिन्दी
**(Max. Marks : 50)**

1. क) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए। 2
   i) भाषा
   ii) बोली

   ख) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 3
   i) अपना उल्लू सीधा करना
   ii) गुदड़ी का लाल
   iii) गूलर का फूल होना

   ग) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिए : 3
   i) नाच न आवे आँगन टेढ़ा
   ii) अंधा पीसे कुत्ता खाये
   iii) एक अनार सौ बीमार
   iv) खिसियानी बिल्ली खंभा नोंचे
   v) मन चंगा तो कठौती में गंगा
   vi) चिन्ता चिता समान

2. क) निम्नलिखित शब्दों के चार–चार पर्यायवाची लिखिए। 2
   i) अमृत ii) आँख iii) मार्ग iv) हाथी

   ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए। 2
   i) उपकार ii) निकृष्ट iii) अर्वाचीन iv) समास

   ग) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए। 2
   i) अद्य ii) सोडष iii) अर्द्धतृतीय iv) नव

3. क) निम्नलिखित शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए। 2
   i) नामक ii) महोत्सव iii) उल्लास iv) दुर्दिन

   ख) निम्नलिखित शब्दों का समास–विग्रह कीजिए। 2
   i) वीणापाणि ii) शोकार्त iii) नीलोत्पल iv) सप्तर्षि

   ग) निम्नलिखित शब्दों में कौन–कौन से उपसर्ग हैं ? बताइये : 2
   i) निष्पक्ष ii) सम्मान iii) अभ्युत्थान iv) अनुगमन

4. क) निम्नलिखित समोच्चारित शब्दों में अर्थ–भेद स्पष्ट कीजिए। 3
   i) अभिराम – अविराम
   ii) रोचक – रेचक
   iii) निसान – निशान
   iv) नाश – नशा
   v) वाण – बात
   vi) लक्ष – लवण



Teachingninja.in

ख) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक–एक** सार्थक शब्द लिखिए : 3

i) दिशा का ज्ञान कराने वाला

ii) किसी के अधीन रहने वाला

iii) ईश्वर की सत्ता पर विश्वास न करने वाला

iv) जिससे कहाँ गया हो

v) जिसका संबंध धरती से हो

vi) नवीन उत्पतिवाला

5. क) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। 2

i) इस्तवक  ii) अर्हनिश  iii) पुर्वापर  iv) पंचसती

ख) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 4

i) उसकी सौन्दर्यता आकर्षक है।

ii) इस वृक्ष के अंदर बहुत से फल हैं।

iii) वह मेरा सबसे बड़ा ज्येष्ठ भ्राता है।

iv) उसने अनेकों ग्रन्थों का सृजन किया।

6. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए और उसका उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

ईश्वर उनकी सहायता करता है जो आप अपनी सहायता करते हैं। यह एक बहुत सुन्दर और परखी हुई कहावत है। इस छोरे से वाक्य में मनुष्यों, राष्ट्रों और समस्त जातियों का अनुभव भरा पड़ा है। मनुष्य के अन्दर स्वयं अपनी सहायता करने का जो उत्साह होता है वही उसकी सफलता का आधार है। जब यह उत्साह बहुत से लोगों में पाया जाता है तब यह राष्ट्रीय प्रगति राष्ट्रीय शक्ति और राष्ट्रीय दृढ़ता का आधार बन जाता है। जब कभी कोई दूसरा मनुष्य किसी मनुष्य या दल की सहायता करता है तो वह मनुष्य या दल अपनी सहायता करने का उत्साह खो बैठता है। उसके मन में अपनी सहायता करने की जो प्रेरणा होती है वह धीरे-धीरे कम होती जाती है। इसके साथ-साथ आत्म सम्मान की भावना, जो मनुष्य की श्रेष्ठ क्षमताओं में से हैं और उसके गौरव की भावना को, जिसके कारण मनुष्य के चरित्र की वास्तविक उन्नति और यश-प्राप्ति होती है, वह भी अपने आप लुप्त हो जाती है। 6

7. शासकीय पत्र से आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताएँ बताते हुए एक शासकीय पत्र का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए जिसमें भारत सरकार गृह मन्त्रालय द्वारा प्रदेश सरकार के लिए बाढ़ पीडितों की सहायता के विषय में लिखा गया हो। (अभ्यर्थियों पत्र लेखन में अपना नाम, अनुक्रमांक, पता और शहर का नाम इत्यादी लिखना मना हैं।) 6

8. क) i) हिन्दी साहित्य के काल विभाजन में उत्तर मध्य काल को 'श्रृंगार काल' की संज्ञा किसने दी हैं ? 2

ii) रीति कालोत्तर युग को 'नवीन विकास का काल' किसने कहा है ?

ख) निम्नलिखित रचनाएँ छत्तीसगढ़ के किन रचनाकारों की है ? 4

i) हीरू के कहिनी

ii) सुरही गइया

iii) पतरेंगी

iv) छत्तीसगढ़ी दान लीला



Teachingninja.in

## भाग – 2
## सामान्य संस्कृत
## (Max. Marks : 50)

1. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रश्नान् उत्तरत।

अस्त्यरण्ये कश्चिच्छृगालः स्वेच्छया नगरोपान्ते भ्राम्यन्नीलीभाण्डे पतितः। पश्चात्तत उत्थातुमसमर्थः प्रातरात्मानं मृत्वत्संदर्श्य स्थितः। अथ नीलीभाण्डस्वामिना मृत इति ज्ञात्वा तस्मात्समुत्था दूरे नीत्वापसारितस्तस्मात्पलायितः। ततोऽसौ वनं गत्वा स्वकीयमात्मानं नीलवर्णम वलोक्याचिन्तयत् किं न साधयामि ? इत्यालोच्य शृगालानाहूयतेनोक्तम्– अहंभगवत्या वनदेवतया स्वहस्तेनारण्यराज्ये सर्वेषिधिरसेनाभिषिक्तः। तदद्यारभ्यारण्येऽस्मदाज्ञया व्यवहारः कार्यः । शृगालाश्च तं विशिष्टवर्णम वलोक्य साष्टाङ्गपातं प्रणम्योचुः – यथाज्ञापयति देवः। इत्यनेनैव क्रमेण सर्वेष्वरण्यवासिष्वाधिपत्यंतस्य बभूव। ततस्तेन स्वज्ञातिभिरावृतेनाधिक्यं साधितम्। ततस्तेन व्याघ्रसिंहादीनुत्तमपरिजनान्प्राप्य सदसि शृगालानवलोक्य लज्जमानेनावज्ञया स्वज्ञातयः सर्वे दूरीकृताः । ततो विषण्णाञ्शृगालानवलोक्य केनचिद् वृद्धशृगालेनैतत्प्रतिज्ञातम् मा विषीदत। यदनेनानभिज्ञेन नीतिविदो मर्मज्ञा वयं स्वसमीपात्परिभूतास्तद्यथाऽयं नश्यति तथा विधेयम्। यतोऽमी व्याघ्रादयो वर्णमात्रविप्रलब्धाः शृगालम ज्ञात्वा राजानमिमं मन्यन्ते। तद्यथायं परिचितो भवति तथा कुरुत । तत्र चैवमनुष्ठेयम् यतः सर्वे संध्यासमये संनिधाने महारावमेकदैव करिष्यथ। ततस्तं शब्दमाकर्ण्य जातिस्वभावात्तेनापि शब्दः कर्त्तव्यः। ततस्तथानुष्ठिते सतितद्वृत्तम्।

यत :–

य: स्वभावो हियस्यास्ति स नित्यं दुरति क्रमः।
श्वा यदि क्रियते राजा स किं नाश्नात्युपानहम्।।

ततः शब्दादभिज्ञाय स व्याघ्रेण हतः।

1.1) नीलवर्णमवलोक्य शृगालः किम् अचिन्तयत ? 2
1.2) शृगालानाहूय तेन किम् उक्तम् ? 2
1.3) वृद्धशृगालेन किम् प्रतिज्ञातम् ? 2
1.4) श्लोकार्थं हिन्दीभाषया लिखत। 2
1.5) अस्याः कथायाः सारं लिखत। 2

2. अधोलिखितानां केषाञ्चित् चतुर्णां पदानां सन्धिविच्छेदं कृत्वा सन्धेः नाम लिखत। 4

क) श्रीशः
ख) राकेशः
ग) महौषधम्
घ) सच्चरित्रः
ङ) सन्मित्रम्
च) शिवस्तरति

3. केषाञ्चित् अधोलिखितानां चतुर्णां पदानां सन्धिं कृत्वा सन्धिनाम लिखत। 4

अ) सु+ आगतम्
आ) गुरो + ए
इ) दुष् + तः
ई) तत् + न
उ) गुरुः + अस्ति
ऊ) कः + अपि



Teachingninja.in

4. अधोलिखितानां केषाश्चित् चतुर्णां पदानां समास – विग्रहं कृत्वा समासस्य नाम लिखत। 4

i) दुःखापन्नः
ii) राजपुत्रः
iii) रक्तकमलम्
iv) पञ्चवटम्
v) धर्मार्थौ
vi) सिंहभीतः

5. अधोलिखितानां केषाश्चित् चतुर्णां समासं कृत्वा समासस्य नाम लिखत। 4

अ) गोभ्यः रक्षितम्
ब) पुरुषः सिंह इव
स) त्रयाणां भुवनानां समाहारः
द) लम्ब उदरं यस्य सः
ई) रामश्च कृष्णश्च इति
ए) न ब्राह्मणः

6. अधोलिखितस्य गद्यांशस्य **संस्कृतभाषया** अनुवादः कार्यः। 8

श्रीकृष्ण महात्मा और महायोगी थे। उनके पिता वसुदेव और माता देवकी थी। उन्होंने बचपन में ही सभी विद्याओं में महती योग्यता प्राप्त करली थी। वे शस्त्रविद्या में अत्यन्त निपुण थे। मुरलीवादन में तो अद्वितीय हुए। उन्होंने बाल्यावस्था में ही बहुत से राक्षसों का वध किया । वे महानीतिज्ञ थे। युद्ध में अर्जुन किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो गया। भगवान् श्रीकृष्ण ने उसे गीता का उपदेश दिया। भगवद्गीता न केवल भारत वर्ष में अपितु सम्पूर्ण जगत् में आदर के साथ पढ़ी जाती है। उनकी जन्मतिथि श्रीकृष्ण–जन्माष्टमी पर्व के रूप में भारतवर्ष में उत्साहपूर्वक मनाते हैं।

7. अधोलिखितानां केषाश्चित अष्ट वाक्यानां कर्मवाच्ये परिवर्तनं कुरुत। 8

i) स ग्रामं गच्छति।
ii) स रोदिति।
iii) स उक्तवान्।
iv) सा गच्छति।
v) शयाना भुञ्जते मूर्खाः।
vi) अयं अस्माकं विरोधं कृतवान्।
vii) किं त्वं धर्ममपि विक्रीतवान्।
viii) त्वमेव तावत् प्रविश पूर्वम्।
ix) इदं पत्रं त्वं नरेन्द्र समीपं नय।
x) अहं रामायणपाठं करोमि।

8. अधोलिखितेषु कश्चिदंको निबन्धः **संस्कृत** भाषया शतपदेषु लेखनीयः। 8

i) आतङ्कवादस्य निराकरणोपायः।
ii) संस्कृतिः संस्कृताश्रिता।
iii) परोपकारः पुण्याय।
iv) रम्या रामायणी कथा।



Teachingninja.in

# PART – 3
## GENERAL ENGLISH
### (Max. Marks : 50)

1. a) Write the synonym of the following words : **2**
   i) Contain ii) Deliver
   b) Write the antonyms of the following words : **2**
   i) Adversity ii) Ascent
   c) Write the meaning of the following idioms in English : **2**
   i) Hit the nail on the head. ii) Let the cat out of the tag.
   d) Make sentences using the following words to clarify their meaning : **2**
   i) Officious ii) Specious

2. Do as directed :
   a) Insert the appropriate models. **2**
   i) Why ___________ I go there without any purpose.
   ii) All sales staff ___________ arrive for work by 8.30 a.m.
   b) Supply article wherever necessary : **2**
   i) The man who came here yesterday was ___________ European.
   ii) Tomorrow ___________ Mr. Smith is visiting me. He is a stranger to me.
   c) Change the voice **2**
   i) The lock was covered with paint.
   ii) James told Joseph that Charles would have done it.
   d) Rewrite the following sentences after making the necessary corrections without changing their meaning : **2**
   i) The thief highly escaped.
   ii) It is a pity that he is ill-mannered and contemptible of his neighbours.

3. a) Rearrange the letters to make meaningful words : **2**
   i) haspto ii) teglen
   b) Rearrange the jumbled words to form meaningful sentences. **2**
   i) Passion / or / govern / they / your / govern / you / will
   ii) give / to / armies / wars / our / cover / during / forest

4. a) Fill in the blanks with suitable preposition : **5**
   i) She stood in tears ___________ the alien corn.
   ii) Divide the money ___________ all the boys.
   iii) There were trees all ___________ the river bank.
   iv) Will you look ___________ my parrot when I am away.
   v) I know that you are in this photograph but I can't pick you ___________
   b) Fill in the blanks with suitable verb forms : **5**
   i) The manager was ___________ to the post of clerk. (demote)
   ii) Mr. Verma ___________ us English when we were in Delhi. (teach)
   iii) Gandhiji ___________ the ideal of non-violence in thought, word and deed. (practise)
   iv) Unless you turn the radio off I ___________ mad. (go)
   v) If he were in he ___________ the phone. (answer)



Teachingninja.in

5. Translate the following sentences into Hindi. 5
   i) After the storm had subsided, the tourists resumed their journey.
   ii) One of the athletes sprained his ankle while he was running.
   iii) The crowd began to disperse just as the police arrived at the site of accident.
   iv) Doklan is the latest bone of contention between India and China.
   v) My car has all of a sudden a flat tyre.

6. Read the following passage carefully and answer the questions that follow : 5

When I go to a stranger's library I wander around the bookshelves to learn what sort of person the stranger is, and when he comes in I feel that I know the key to his mind and the range of his interest. A house without books is a characterless house, no matter how rich the Persian rugs. These only tell you whether he has a lot of money, but the books tell you whether he has got a mind as well. It is not a question of money that we do not buy books. I repeat that the books are the cheapest as well as the best part of the equipment of a few dollars. Nearly all the best literature in the world is at your command at two dollars a volume. For hundred dollars you can get a library of fifty books. Even if you do not read them yourself, they are a priceless investment for your children. What delight is there like the revelation of books – the sudden impact of a master – spirit, the sense of a window flung wide open to the universe ? It is the adventures of the mind, the joy of which does not pass away, that give the adventure of life itself beauty and fragrance.

**Questions :**
   i) Why does the adventure of mind not pass away ?
   ii) Why does the writer wander around the bookshelves when he goes to a stranger's house ?
   iii) What delight does a good book provide ?
   iv) Find the synonym of 'divulgence' from the passage.
   v) Find the antonym of 'stench' from the passage.

7. Write a letter to your father seeking his advice about the possibilities of setting up your own pharmaceutical company in your town after completing Master of Pharmacy.
(Candidate must not mention his / her Name, Roll No. or any sign of identity) 5

8. Write a precis of the following passage in about one third of the original length in your own words : 5

Despite their rich and glorious past, the tribals are still looked down upon in India. They are still considered as uncivilized, illiterate and even criminal. The exploitation, oppression and object poverty of tribal communities make the core themes of the writings of Mahasweta Devi. Despite the political propagandas of the development of all sections of the society in independent India, truth is harsher than our presumptions. For Mahasweta Devi, tribal people are like an undiscovered continent which is on the verge of extinction because of our ignorance.



Teachingninja.in

# भाग – 4
## छत्तीसगढ़ी
## (Max. Marks : 50)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :
   अ) निम्नलिखित शब्दों के छत्तीसगढ़ी समानार्थी लिखिए : 5
   i) कृष्णपक्ष ii) औषधि iii) विदूषक iv) भांजी v) बचपन
   आ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी शब्दों के हिंदी समानार्थी लिखिए : 5
   i) गड़ी ii) हरू iii) जुन्ना iv) पोगरी v) बेनी
   इ) 'अजार' और 'अजारा' में अंतर स्पष्ट कीजिए : 2
2. अ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी पुल्लिंग शब्दों को स्त्रीलिंग में परिवर्तित कीजिए : 2
   i) राउत ii) राउँटिया
   आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम बतलाइए : 2
   i) दतला ii) उतलगहा
   इ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों के प्रकार बतलाइए : 2
   i) दिया बरइया ii) सारा – जाँवर
3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10
   i) छत्तीसगढ़ी की उत्तर–पश्चिमी क्षेत्र की बोली का नाम बताइए ।
   ii) 'मनखे' का बहुवचन रूप बताइए ।
   iii) छत्तीसगढ़ी मुहावरा 'करम ठठाना' का अर्थ क्या है ?
   iv) - 'हार' प्रत्यय लगाकर छत्तीसगढ़ी के दो शब्द बनाइए।
   v) छत्तीसगढ़ में बोली जाने वाली द्रविड़ परिवार की एक बोली/भाषा का नाम बताइए।
4. निम्नलिखित प्रशासनिक शब्दों के छत्तीसगढ़ी रूप निर्दिष्ट कीजिए : 8
   i) दैनिक भत्ता ii) स्थानांतरण iii) प्रवेश iv) अवकाश
   v) हस्ताक्षर vi) आवेदक vii) प्रतीक्षा viii) आदेश
5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5
   i) पं.सुंदरलाल शर्मा ने दानलीला की कथा कहाँ से ली है ?
   ii) 'चंदा अमरित बरसाइस' के लेखक कौन हैं ?
   iii) छत्तीसगढ़ी का प्रमुख प्रणय गीत किसे कहते हैं ?
   iv) छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का कार्यालय स्थापना दिवस किस तारीख़ को मनाया जाता है ?
   v) डॉ. खूबचंद बघेल के किसी एक नाटक का नाम बताइए।
6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5
   i) 'छत्तीसगढ़ी सेवक' के संपादक का नाम लिखिए।
   ii) 'नाचा' के भीष्मपितामह किसे कहा जाता है ?
   iii) छत्तीसगढ़ी की प्रथम फिल्म कौन–सी है ?
   iv) छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का पाँचवाँ प्रांतीय सम्मेलन सन् 2017 में कहाँ हुआ था ?
   v) छत्तीसगढ़ी नाटक की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रंगकर्मी महिला कौन है ?
7. छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का 'बिजहा' कार्यक्रम क्या है ? 2
8. छत्तीसगढ़ी लोक कलाओं में वैश्वीकरण के प्रभाव पर प्रकाश डालिए । 2



Teachingninja.in